दिनांकः 18.11.2025 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेषिक समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पीएम किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी करेंगे–प्रदेश के किसानों के खातों में 1 हज़ार 332 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि हस्तांतरित की जाएगी।
- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार प्रदान किये–राजस्थान के चार जिले भी सम्मानित।
- केन्द्रीय सांख्यिकी मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा–वास्तविक समय डेटा निगरानी और जीओ टैगिंग जैसे डिजिटल साधनों से सर्वेक्षण प्रक्रिया सुव्यवस्थित हुई।
- देश में चल रहे मतदाता सूची के एसआईआर कार्यक्रम के दूसरे चरण में अब तक 50 करोड़ 97 लाख मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किये गये।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी करेंगे। कोयम्बटूर में होने वाले कार्यक्रम में श्री मोदी देशभर के 9 करोड़ किसानों के बैंक खातों में 18 हजार करोड़ रूपये हस्तांतरित करेंगे। इस दौरान राज्य के 66 लाख 62 हजार किसानों को 1 हजार 332 करोड़ 40 लाख रुपये की राशि हस्तांतरित की जाएगी। हर किसान के खाते में दो हजार रुपये ट्रांसफर किये जाएंगे। जयपुर के दुर्गापुरा में कृषि प्रबंधन संस्थान में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शिरकत करेंगे। गौरतलब है कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत पात्र किसानों को हर साल 6 हजार रुपये की राशि तीन समान किस्तों में दी जाती है। अब तक योजना में 20 किस्तों के माध्यम से 3 लाख 91 हजार करोड़ की राशि हस्तान्तरित की जा चुकी है।

इधर, प्रदेश में किसानों को अतिरिक्त राहत देने के लिए मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू है। इसमें पीएम किसान योजना के सभी पात्र किसानों को हर साल 3 हजार रुपये की अतिरिक्त राशि दी जा रही है।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जल की उपलब्धता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आग्रह किया है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि जलवायु परिवर्तन आज के समय में जल चक्र को प्रभावित कर रहा है।

आज नई दिल्ली में छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 और पहले जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार प्रदान करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि देश के लिए जल का कुशल उपयोग आवश्यक है।

---------------

कार्यक्रम में प्रदेश के बाड़मेर, भीलवाड़ा, डूंगरपुर और चित्तौड़गढ़ जिलों को भी सम्मानित किया गया। बाड़मेर जिला कलेक्टर टीना डाबी और चित्तौड़गढ़ जिला कलेक्टर आलोक रंजन ने ये सम्मान प्राप्त किया। वहीं भीलवाड़ा जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधु को भी राष्ट्रपति ने सम्मानित किया।

----------------

भीलवाड़ा से हमारे संवाददाता ने बताया कि वहां जल संचय–जन भागीदारी अभियान के तहत भूजल स्तर में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।

-------------

डूंगरपुर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने ये सम्मान ग्रहण किया। जिले को जल संचयन के 9 हजार 712 काम पूरा करने के लिए 25 लाख रुपये की राशि से पुरस्कृत किया गया। गौरतलब है

कि देश में पिछले वर्ष शुरू किए गए जल संरक्षण जनभागीदारी कार्यक्रम के तहत 35 लाख से अधिक भूजल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण किया गया है।

000

भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण–जीएसआई अपनी 175 साल की राष्ट्र सेवा के उपलक्ष में आगामी गुरुवार से दो दिन का अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार जयपुर में आयोजित करेगा। सेमिनार का विषय, अतीत का पता लगाना, भविष्य को आकार देना रखा गया है। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी. किशन रेड्डी इसका उद्‌घाटन करेंगे। इस दो दिवसीय आयोजन में देश–विदेश के भूवैज्ञानिक शामिल होंगे। वे खनिज खोज, भूवैज्ञानिक खतरों और नई तकनीकों पर विचार करेंगे। सेमिनार में आईआईटी जैसे संस्थानों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी होंगे। गौरतलब है कि जीएसआई राष्ट्रीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

000

10 दिसम्बर को आयोजित होने वाले प्रवासी राजस्थानी दिवस के उपलक्ष में 27 नवम्बर को पर्यटन प्री–समिट होगी। इसमें राज्य को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। समिट में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दियाकुमारी शामिल होंगे। इस दौरान नई पर्यटन नीति और फिल्म पर्यटन संवर्धन नीति जारी होने की संभावना है।

000

केंद्रीय सांख्यिकी मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने कहा है कि वास्तविक समय डेटा निगरानी और जीओ टैगिंग जैसे डिजिटल साधनों को अपनाने से सर्वेक्षण प्रक्रिया सुव्यवस्थित हुई है। श्री सिंह ने आज उदयपुर में राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण–एनएसएस की 75वीं वर्षगांठ के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि इससे डेटा सटीकता में सुधार हुआ है। आज का कार्यक्रम पिछले एक वर्ष से संचालित कई गतिविधियों के समापन के रूप में आयोजित किया गया। समारोह का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र सांख्यिकी अधिकारियों, सांख्यिकीविदों और विषय–विशेषज्ञों के योगदान को सम्मानित करना रहा। कार्यक्रम के पैनल डिस्कशन सत्र में सरपंच, राजस्व विभाग के गिरदावर तथा स्थानीय उद्यमियों ने भाग लिया।

000

जयपुर आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। देशी–विदेशी पर्यटकों से शहर गुलजार रहा। पर्यटकों ने गुलाबी नगरी के नियोजन की तारीफ की।

---------------

जयपुर ढूंढाड़ परिषद ने भी आज जयपुर शहर का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं।

000

देश में चल रहे मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के दूसरे चरण में अब तक 50 करोड़ 97 लाख मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं। निर्वाचन आयोग ने बताया कि मतदाता सूची का बड़े पैमाने पर पुनरीक्षण अगले साल 7 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन के साथ समाप्त होगा।

इधर, राज्य में भी एसआईआर को लेकर गतिविधियां जारी हैं। इसी कड़ी में आज पाली, करौली और डीग जिलों में शिविर लगाए गये। वहीं, बारां जिला कलेक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर ने प्रेस वार्ता में बताया कि जिले में एसआईआर के तहत अब तक 31 प्रतिशत फॉर्म्स का डिजिटाइज़ेशन किया जा चुका है।

----------------

गौरतलब है कि एसआईआर प्रक्रिया के तहत गणना प्रपत्रों के डिजिटाइज़ेशन में राजस्थान सभी प्रमुख बड़े राज्यों में अग्रणी बना हुआ है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 1 करोड़ 65 लाख से ज्यादा प्रपत्र ईसीआई नेट पर अपलोड किये जा चुके हैं।

000

महिलाओं और बच्चों के विरुद्ध बढ़ते अपराधों की रोकथाम को लेकर जयपुर में सेंट्रल डिटेक्टिव ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में आयोजित राज्य स्तरीय सम्मेलन आज संपन्न हुआ। सम्मेलन में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों, बाल संरक्षण कर्मियों और अभियोजन अधिकारियों ने भाग लिया। इस सम्मेलन का उद्देश्य नए आपराधिक कानून के तहत रणनीति तैयार करना था। ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट के निदेशक, आईपीएस डॉ. अमनदीप सिंह कपूर ने उद्घाटन सत्र में कहा कि अपराधों की जाँच में बाल–अनुकूल प्रक्रियाएँ और संवेदनशीलता अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि मिशन वात्सल्य, बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत करने वाला एक प्रभावी राष्ट्रीय कार्यक्रम है। उन्होंने विशेष रूप से ऑनलाइन शोषण और पोक्सो कानूनों के नये केस लॉ पर गहन चर्चा की।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग ने राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाएं भर्ती–2024 के पहले चरण के साक्षात्कार की तारीख घोषित कर दी है। पहले चरण के साक्षात्कार 1 से 12 दिसम्बर तक आयोजित किए जाएंगे। साक्षात्कार में शामिल होने वाले अभ्यर्थियों को विस्तृत आवेदन पत्र की दो प्रतियां, सभी मूल दस्तावेज़ और उनकी फोटोकॉपी साथ लानी होगी। इसके अलावा, एक नवीनतम रंगीन फोटो और मूल फोटो पहचान पत्र भी अनिवार्य है। आयोग जल्द ही अपनी वेबसाइट पर साक्षात्कार पत्र अपलोड कर देगा। दस्तावेज की कमी होने पर अभ्यर्थी को शामिल नहीं किया जाएगा।

000

राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस के अवसर पर आज प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कोटा जिले के तलवंडी में सरकारी आयुर्वेद, योग और प्राकृतिक चिकित्सा एकीकृत महाविद्यालय में मुख्य समारोह हुआ। इस दौरान छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देने के साथ ही योग डांस किया और पिरामिड बनाए। कार्यक्रम में प्राकृतिक चिकित्सा की ज्ञानवर्धक प्रदर्शनी भी लगाई गई।

उधर, सवाईमाधोपुर में सरकारी योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान केंद्र में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य परीक्षण और परामर्श सेवाओं का लाभ उठाया।

000

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में आज भरतपुर के बयाना में 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन किया गया। जिला प्रशासन और माय भारत की ओर से आयोजित इस दौड़ में अधिकारी, कर्मचारी, विद्यार्थी, एनसीसी कैडेट्स और आम नागरिकों ने उत्साह से भाग लिया। सभी ने हाथों में तिरंगा लेकर देशभक्ति के नारे लगाए।

000